# 24 न्यूज अपडेट

ई-न्यूज

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 07 मई 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 43



## ऑपरेशन सिंदूर-भारत ने पहलगाम हमले का बदला लियाःपाकिस्तान पर 24 मिसाइल दागीं; विदेश मंत्रालय ने कई देशों को एक्शन की जानकारी दी




आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की।

इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'।

ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी।

पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था।

पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (ISPR) के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा- भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं।

न्यूज एजेंसी ANI ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे।

एक्शन के बाद विदेश मंत्रालय ने दुनिया के तमाम देशों के डिप्लोमेट्स से बात की और जवाबी कार्रवाई की जानकारी दी।

सेना ने एयर स्ट्राइक के 9:30 घंटे बाद सुबह 10:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी और आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। सबसे पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई दिखाई गई।

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि रात 1:05 बजे और 1:30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। 25 मिनट में पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट पहचाने गए थे। इन्हें हमने तबाह कर दिया। लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स टारगेट किए गए।

पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर को सबसे पहले निशान बनाया गया। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली थी।

मुजफ्फराबाद का सैयदना बिलाल कैंप। यहां हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।

कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप। पूंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हमला करने वाले आतंकी यहीं ट्रेंड हुए थे।

भिम्बर का बरनाला कैंप। यहां हथियार चलाना सिखाया जाता है।

कोटली का अब्बास कैंप। यह एलओसी से 13 किमी दूर है। यहां फिदायीन तैयार होते हैं।

सियालकोट का सरजल कैंप। मार्च 2025 में पुलिस जवानों की हत्या के आतंकवादियों को यहीं ट्रेन किया गया था।

सियालकोट का हिजबुल महमूना जाया कैंप। पठानकोट हमला यहीं प्लान किया गया।

मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप। अजमल कसाब और डेविड कोलमैन हेडली यहीं ट्रेन हुए थे।।

मस्जिद सुभान अल्लाह बहावलपुर जैश का हेडक्वार्टर था। यहां रिक्रूटमेंट, ट्रेनिंग दी जाती थी। बड़े अफसर यहां आते थे।

## MRF का चौथी-तिमाही में मुनाफा 29% बढ़कर 512 करोड़ःरेवेन्यू 11% बढ़ा, 229 डिविडेंड देगी कंपनी; टॉय-बैलून बनाने से हुई थी शुरुआत



**24 न्यूज अपडेट**

भारत में टायर बनाने वाली कंपनी MRF यानी मद्रास रबर फैक्ट्री को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 512 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 29% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 396 करोड़ रुपए था।

कंपनी के संचालन यानी ऑपरेशन से कॉन्सोलिडेटेड रेवेन्यू की बात करें तो जनवरी-मार्च तिमाही में यह 7,075 करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर इसमें 11.4% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 6,349 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है।

### तिमाही नतीजों में निवेशकों के लिए क्या?

चौथी तिमाही में नतीजों के साथ MRF ने अपने हर शेयरहोल्डर्स को प्रति शेयर 229 रुपए का अब तक का रिकॉर्ड फाइनल डिविडेंड यानी लाभांश देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा अपने शेयरहोल्डर्स को भी देती हैं, जिसे लाभांश कहा जाता है।

### क्या कंपनी के नतीजे उम्मीद से अच्छे हैं?

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में MRF का मुनाफा मार्केट विश्लेषकों की उम्मीद से बेहतर रहा है, यानी कंपनी ने इस बार बेहतर काम किया है।

## पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक, हरियाणा में हाई अलर्टःपंजाब के 5 बॉर्डर जिलों में स्कूलों की छुट्टी, चंडीगढ़-अमृतसर एयरपोर्ट बंद, ट्रेनों में चेकिंग



भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बदले रात 1.05 बजे से 1.30 बजे तक पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम से एयर स्ट्राइक की। इस दौरान 9 ठिकानों में 100 से ज्यादा आतंकी ढ़ेर किए गए। इस हमले के बाद से ही हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ में हाई अलर्ट है।

हरियाणा में अंबाला को हाई अलर्ट पर रखते हुए ड्रोन उड़ाने पर रोक लगा दी गई है। अंबाला कैंट, सिरसा सहित कई रेलवे स्टेशनों पर RPF की टीमें लगातार चेकिंग कर रही है। हरियाणा कांग्रेस ने संविधान बचाओ रैली के तहत रखे सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

पंजाब के 5 बॉर्डर जिलों अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट, फाजिल्का और फिरोजपुर में अगले आदेश तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। इसके साथ ही एयर स्ट्राइक के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बने करतारपुर कॉरिडोर को भी बंद किया गया है। पंजाब के सीएम भगवंत मान और AAP के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने नवांशहर और जालंधर का दौरा रद्द कर दिया है। अमृतसर एयरपोर्ट की सभी 22 फ्लाइट्स रद्द कर उसे 10 मई शाम साढ़े 5 बजे तक बंद कर दिया गया है। चंडीगढ़ एयरपोर्ट से भी सभी उड़ाने रोक दी गई हैं।

हिमाचल प्रदेश के CM सुखविंदर सुक्खू ने भी अपने आज के दौरे कैंसिल कर दिए हैं। उन्होंने शिमला में अधिकारियों की मीटिंग की। इसके अलावा सभी टूरिस्ट प्लेस पर सुरक्षा बढ़ाई गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर-7 मिनट में 9 आतंकी ठिकाने तबाहःयहीं कसाब-हेडली ने ट्रेनिंग ली




पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के करीब 9 घंटे बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी। बुधवार सुबह 10:30 बजे मीडिया ब्रीफिंग से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें बताया गया कि मंगलवार रात 1:04 बजे से 1:11 बजे के बीच 7 मिनट में 9 टारगेट तबाह किए गए। हालांकि ऑपरेशन पूरा होने में कुल 25 मिनट का समय लगा।

देश के इतिहास में पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद थे।

### विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा-

पहलगाम हमला कायरतापूर्ण था। इसमें परिवार के सामने लोगों की हत्या की गई, उनके सिर में गोली मारी गई। बचे हुए लोगों से कहा गया कि वे इस हमले का संदेश पहुंचाएं। पिछले साल सवा 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक कश्मीर आए थे। हमले का मकसद था कि कश्मीर के विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाकर पिछड़ा बनाए रखा जाए।

हमले का यह तरीका जम्मू-कश्मीर और देश में सांप्रदायिक दंगे फैलाने की कोशिश था। एक समूह ने खुद को TRF कहते हुए हमले की जिम्मेदारी ली। इसे UN ने प्रतिबंधित किया है और यह लश्कर से जुड़ा है।

पाकिस्तान स्थित समूहों के लिए कवर के तौर पर TRF का इस्तेमाल किया गया। पहलगाम हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। TRF के दावे और लश्कर के सोशल मीडिया पोस्ट इसे साबित करते हैं।

पहलगाम के हमलावरों की पहचान भी हुई है और भारत में सीमापार से आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तान का प्लान उजागर हुआ है। पाकिस्तान आतंकवादियों की शरण स्थली के रूप में पहचान बना चुका है। आतंकवाद के इस निंदनीय कार्य के अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता UN ने भी जताई थी। पहलगाम में 22 अप्रैल के हमले के अपराधियों और इसकी प्लानिंग करने वालों को न्याय के कठघरे में लाना जरूरी था। वे इनकार करने और आरोप लगाने में ही लिप्त रहे हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान से संबंधों को लेकर कुछ कदम भी उठाए हैं।

पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों के बारे में हमें सूचना मिली थी कि वे और हमले कर सकते हैं। इन्हें रोकना जरूरी था। हमने इन्हें रोकने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। यह कार्रवाई नपी-तुली और जिम्मेदारीपूर्ण है। हमारा एक्शन आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म करने और आतंकियों को अक्षम बनाने पर केंद्रित है।

## आज सोना 538 बढ़कर 97,426 पर पहुंचाः3 दिन में ये 3,472 महंगा हुआ, चांदी 95,774 किलो बिक रही




**24 न्यूज अपडेट**

सोने के दाम में आज यानी 7 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 538 बढ़कर 97,426 पर पहुंचा गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,888 थी। इस हफ्ते 3 दिन में ही सोने 3,472 महंगा हो चुका है। बीते शनिवार यानी 3 मई को ये 93,954 पर थी।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 80 गिरकर 95,774 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,854 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक का बाजार पर नहीं दिखा असरःसेंसेक्स 106 अंक चढ़कर 80,747 पर बंद, निफ्टी भी चढ़ा; पाकिस्तानी बाजार 3.13% टूटा

### बीते हफ्ते 1,290 अंक चढ़ा सेंसेक्स




**24 न्यूज अपडेट**

पाकिस्तान और PoK के भीतर देर रात की गई एयर स्ट्राइक का असर शेयर बाजार पर नहीं दिखा। बुधवार, 7 मई को सेंसेक्स 106 अंक चढ़कर 80,747 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 35 अंक की तेजी रही। ये 24,414 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी देखने को मिली। टाटा मोटर्स का शेयर 5.20% चढ़ा। बजाज फाइनेंस, जोमैटो, अडाणी पोर्ट्स सहित कुल 8 शेयर 2% तक चढ़कर बंद हुए। जबकि, एशियन पेंट्स में 4% की गिरावट रही। सनफार्मा, ITC, 2% नेस्ले और रिलायंस में 2% तक की गिरावट रही।

वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 26 में गिरावट रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में ऑटो में 1.66%, रियल्टी में 1.12%, मीडिया में 1.06% और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.18% की तेजी रही। वहीं, FMCG और फार्मा में मामूली गिरावट है।

## बठिंडा प्लेन क्रैश में हरियाणा के युवक की मौतःऑपरेशन सिंदूर के दौरान गिरा प्लेन, देखने पहुंचा तो ब्लास्ट हुआ



भारत की पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' एयर स्ट्राइक के दौरान पंजाब के बठिंडा में जो प्लेन क्रैश हुआ, उसमें मरने वाला गोविंद हरियाणा के चरखी दादरी का रहने वाला निकला। 32 साल का गोविंद गोनियाना मंडी में अनाज लोडिंग का काम करने गया था। कल (8 मई) को उसे वापस आना था, लेकिन मंगलवार-बुधवार की रात उसकी मौत हो गई।

गोविंद का परिवार चरखी दादरी शहर के वार्ड 12 स्थित कबीर नगर में रहता है। परिजनों के मुताबिक, रात में उन्हें गोविंद के साथ गए विकास ने हादसे की जानकारी दी। उसने बताया कि हादसे के वक्त वह सभी सो रहे थे, तभी कुछ ही दूरी पर प्लेन गिरने की आवाज सुन उनकी नींद खुल गई।

जिसके बाद गोविंद प्लेन को देखने के लिए खेत की तरफ चला गया। जब गोविंद प्लेन के समीप गया तो उसमें ब्लास्ट हो गया, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गोविंद का भाई और अन्य परिजन बठिंडा रवाना हो गए है। गुरुवार को गोविंद का शव गांव पहुंचेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बठिंडा के खेत में प्लेन क्रैशःहरियाणा के व्यक्ति की मौत, 9 लोग घायल; पंजाब पुलिस ने 2 किमी एरिया सील किया




पहलगाम आतंकी हमले के बदले भारत की पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत एयर स्ट्राइक के दौरान पंजाब के बठिंडा में गेहूं के खेत में प्लेन क्रैश हो गया। जिसमें 2 व्यक्तियों की मौत की सूचना सामने आई है और 9 लोग घायल हुए हैं। हालांकि प्रशासन की तरफ से आधिकारिक तौर पर एक ही व्यक्ति की मौत की पुष्टि की गई है।

मरने वालों में एक व्यक्ति गोविंद है जो की हरियाणा के चरखी दादरी जिले का रहने वाला है। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वह आबादी से 500 मीटर दूर है।

जानकारी के मुताबिक यह घटना रात 2 बजे बठिंडा में गोनियाना मंडी के अकालियां कलां गांव में हुई। इस दौरान खेत में प्लेन गिरा। जिसके बाद उसमें आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरा एरिया सील कर दिया। मीडिया को भी 2 किमी पहले रोका गया है।

इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें खेत में प्लेन जैसी चीज जलती हुई दिख रही है। वीडियो में एक चश्मदीद पुष्टि करते हुए कह रहा है कि खेत में प्लेन गिरा है। जब लोगों ने उसके करीब जाने की कोशिश की तो उसमें ब्लास्ट हो गया। वीडियो में फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग भी बुझाते हुए दिख रहे हैं।

यह प्लेन कौन सा है और किसका है, इसके बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। इसके पायलट के बारे में भी अभी कोई सूचना नहीं है।


## संपादकीय : बचाव का मोर्चा

पहलगाम हमले के बाद जिस तरह दुनिया के अनेक देश भारत के समर्थन में खड़े नजर आ रहे हैं, उससे निश्चय ही पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध को बल मिला है। सब जानते हैं कि पाकिस्तान सदा से भारत के विरुद्ध आतंकवाद को पोसता और एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। विश्व आतंकवाद की सूची में भी वह दुनिया में सबसे ऊपर के देशों में शुमार है। इसलिए चीन को छोड़ कर शायद ही किसी का पाकिस्तान को खुला समर्थन है। पहलगाम की घटना के बाद देश में जनाक्रोश है। पर सरकार अभी रणनीतिक रूप से संयम बरत रही है, तो उसकी वजहें साफ हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा है कि सैन्य कार्रवाई समस्या का समाधान नहीं है। मगर रूस, जापान, अमेरिका आदि ने आतंकवाद से निपटने में भारत का समर्थन किया है। फिर भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पहलगाम हमले के बाद से ही वह लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है। वह संघर्ष विराम का उल्लंघन कर एक तरह से भारत को उकसा रहा है। मगर भारत अभी सही समय के इंतजार में है । यह तो साफ है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई काफी नहीं है। उसके खिलाफ लंबे वक्त की रणनीति बना कर हमले करने होंगे । इसलिए सरकार ने पहले उस पर आर्थिक आघात करने का निर्णय किया। उसमें सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया गया, पाकिस्तान से किसी भी प्रकार का आयात-निर्यात रोक दिया गया। माली बदहाली के बुरे दौर से गुजर रहे पाकिस्तान पर ये दो बड़े हमले हैं। उसके बाद सेनाध्यक्षों को कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी गई है। अब कई राज्यों में हवाई हमलों के वक्त नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षा के अभ्यास कराए गए हैं। जाहिर है, जमीनी जंग की तैयारियां भी चल रही हैं। हालांकि कुछ लोग अब भी दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि पाकिस्तान पर हमले में देर नहीं होनी चाहिए। मगर अब तक के अनुभवों से जाहिर है कि तात्कालिक प्रतिक्रिया में की गई कार्रवाइयों का कोई उल्लेखनीय और स्थायी प्रभाव नहीं पड़ा है। पुलवामा और उड़ी हमले के बाद सेना ने पाकिस्तान सीमा में घुस कर लक्षित हमले किए थे, पर हकीकत यही है कि वहां आतंकी प्रशिक्षण शिविर बंद नहीं हुए हैं। ऐसे में, अगर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध के लिए ठंडे दिमाग से रणनीति बनाई जा रही है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि उसका उल्लेखनीय नतीजा निकल सकता है। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आइएसआइ आतंकवादी संगठनों को संरक्षण और प्रशिक्षण देती रही हैं। जाहिर है, इन दोनों को सबक सिखाए बगैर इस समस्या पर काबू पाने का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता। मगर इसके लिए सैन्य कार्रवाई के समांतर ही वहां की सियासी हुकूमत पर नकेल कसना भी जरूरी है। हालांकि पाकिस्तान एक तरह से दुनिया से अलग-थलग पड़ चुका है और चीन की इमदाद पर उसका गुजारा चल पा रहा है। बाहरी रकम का बड़ा हिस्सा सेना के हिस्से चला जाता है। ऐसे में उसे बाहर से मिलने वाली इमदाद और उसकी अंदरूनी कमजोरियों पर भी हमला करना जरूरी माना जाता है। भारत उसे उन सभी मोर्चों पर घेरने और कमजोर करने में जुटा है। इस रणनीतिक घेरेबंदी से बेहतर नतीजों की उम्मीद है।

## अभिव्यक्ति की सीमा

हास्य मानव जीवन का एक सहज हिस्सा रहा है, लेकिन क्या इसके नाम पर किसी को किसी व्यक्ति, समूह या पहचान का मजाक उड़ाने और इस तरह उन्हें चेट पहुंचाने की छूट मिल जाती है? किसी भी सभ्य समाज में लोगों के भीतर इतनी समझ और संवेदना होती है कि वे मनोरंजन और हंसने-हंसाने के नाम पर किसी को भावनात्मक चोट पहुंचाने, उसे कमतर महसूस कराने या अपमानित करने का समर्थन कतई नहीं कर सकते। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को एक वाचिका पर सुनवाई करते हुए टीवी के एक मशहूर कार्यक्रम के मुख्य भागीदार सहित सोशल मीडिया पर खासा असर रखने वाले पांच अन्य लोगों को भी तलब किया। आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यक्रम में 'स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी' यानी एसएमए नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित लोगों का मजाक उड़ाया। अदालत ने ऐसे लोगों का उपहास करने वाली जानी-मानी हस्तियों को 'नुकसानदेह' और 'मनोबल को चोट पहुंचाने वाला' करार दिया और कहा कि सुधार के लिए कुछ गंभीर कदम और दंडात्मक कार्रवाई की जरूरत है, ताकि ऐसी चीजें फिर न हों। दरअसल, हाल के दिनों में हास्य कार्यक्रमों में जिस तरह के शब्दों, हावभाव का प्रदर्शन किया जाने लगा है उसमें हंसने-हंसाने से ज्यादा कई बार आपत्तिजनक बातें कही जाती हैं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर छूट लेने वाले कुछ लोग अक्सर ऐसे मौकों को कुंठा और अश्लीलता परोसने का जरिया भी बना लेते हैं। सवाल है कि अभिव्यक्ति की सीमा क्या हो, जो वास्तव में अधिकार की गरिमा को स्थापित करे और स्वस्थ विचार या हास्य को प्रसारित करने का जरिया बने । लोकतांत्रिक चेतना वाला हास्य कलाकार अधिकारों की बात करता है, वह किसी का मजाक नहीं उड़ाता। अगर लोगों को हंसने के लिए किसी दिव्यांग या अन्य वंचित तबके का मजाक उड़ाने की जरूरत पड़ती है या उसमें कुछ असहज नहीं लगता, तो निश्चित रूप से यह अभिव्यक्ति के अधिकार का बेजा इस्तेमाल है ऐसी हरकतें कुछ लोगों का मनोरंजन भले करती होंगी, लेकिन उसमें समाज के किसी खास हिस्से का मजाक उड़ाने और उसे भावनात्मक चोट पहुंचाने की जो प्रवृत्ति देखी जा रही है, उसे किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता ।

# ऑडिट रिपोर्ट से सनसनीखेज खुलासा : 'विश्वास स्वरूपम शिव मूर्ति' प्रोजेक्ट में सरकार को लगाई 500 करोड़ की चपत, नियमों की उड़ाई धज्जियां, नाथद्वारा पालिका की मिलीभगत आई सामने



| क्र. सं. | संक्षिप्त विवरण | मूल शर्त | परिवर्तित रूप |
|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना विकसित करने हेतु भूमि आवंटन | स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के आदेश दिनांक 17.08.2012 के विषय अनुसार नाथद्वारा नगर के राजस्व ग्राम नाथुवास में पालिका की 9 बीघा भूमि पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का सार्वजनिक उद्यान एवं 251 फिट की शिव मूर्ति लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। | नगरीय विभाग के लिए गठित एम्पावर्ड समिति द्वारा बैठक दिनांक 3.12.12 के ऐजेण्डे के बिन्दु सं. 14 में लिये गये निर्णयानुसार मिराज डवलपर्स प्रा० लि० नाथद्वारा को उक्त विकास कार्य स्वयं की लागत से 9 बीघा के स्थान पर 25 बीघा 10 बिस्वा भूमि पर करवाये जाने की अनुमति प्रदान की गई। |
| 2 | चल व अचल सम्पति (भूमि) के स्वामित्व का अधिकार | आदेश दिनांक 17.08.2012 की शर्त संख्या 1 अनुसार उक्त प्रस्तावित पार्क एवं उसमें प्रस्तावित डेकोरेटीव शिव मूर्ति एवं पार्क (चल व अचल सम्पत्ति) का स्वामित्व भूमि सहित नगरपालिका नाथद्वारा में निहित रहेगा। विकासकर्ता के द्वारा किसी भी सम्पत्ति, जो पार्क की है को हस्तांतरण, विक्रय करने का अधिकार नहीं होगा। | दिनांक 17.04.2013 को निष्पादित MOU के बिन्दु संख्या 2 के अनुसार स्वामित्व नगरपालिका नाथद्वारा का होगा लेकिन कब्जा विकासकर्ता का रहेगा। दिनांक 17.02.2021 को निष्पादित पट्टा विलेख (लीज डीड) में यह अंकन नहीं किया गया कि स्वामित्व नगरपालिका का रहेगा। मात्र Possession तत्पदम उपवन प्रा. लि. को User Rights के तहत दिया जाना था। अतः वर्तमान में स्वामित्व तत्पदम उपवन प्रा. लि. को हस्तांतरित हो चुका है। |

सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 के तहत् [illegible]

रिपोर्ट- जयवंत भैरविया

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। जिसे धार्मिक आस्था, पर्यटन और सार्वजनिक हित को देखते हुए जिस प्रोजेक्ट को जनता के हित के लिए विकसित किया जाना था वह खुला खेल खेलते हुए व नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए प्राइवेट वाणिज्यिक साम्राज्य में तब्दील कर दिया गया। साल दर साल नियमों में गलियां निकालते हुए और नीचे से उपर तक प्रशासनिक मिलीभगत के चलते दस्तावेजों में लगातार हेर-फेर का सिलसिला चलाया गया। अब जब दस्तावेजों की सरकारी ऑडिट हुई है तो कई मूल दस्तावेज तक गायब हो गए हैं या साफ कहें तो गायब कर दिए गए हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं यह सरकार को भेजी गई सरकारी अधिकारियों की ऑडिट रिपोर्ट में दर्ज किया गया है। इस मामले में ऑडिट करने वाले सरकारी अधिकारियों का मानना है कि प्रोजेक्ट में सरकार को लगभग 500 करोड़ की चपत लगाई गई। इतना बड़ा आंकड़ा सामने आने के बाद पालिका से लेकर उन सभी महकमों में हड़कंप मचा हुआ है जिसमें अफसरों ने बहती गंगा में हाथ धोए थे, जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है वे अब अपने राजनीतिक रसूखात व आकाओं के यहां पनाह मांगते हुए नजर आ रहे हैं। यदि उपर के स्तर पर अब कोई सेटिंग या गड़बड़ी नहीं हुई तो बहुत बड़ी गाज गिर सकती है व सख्त कार्रवाई हो सकती है। मामले को दबाने व बाहर आने के लंबे प्रयासों के बाद भी पिछले दिनों एक आरटीआई के माध्यम से दस्तावेज जनता की अदालत में आए तो मामले का भंडाफोड़ हो गया। लेकिन कई मीडिया समूहों ने भी इस हाई प्रोफाइल मामले से अपने निजी व आर्थिक हितों के चलते दूरियां बनाने में ही भलाई समझी। लाभ कमाने का यह खेल ना सिर्फ जनता से विश्वास-घात करके खेला गया बल्कि जनता के विश्वास के स्वरूप को बड़ी ही निर्लज्जता से दस्तावेजों में तार-तार कर दिया गया। ऑडिट रिपोर्ट में में सामने आए दस्तावेजों की गायबगी, अनियमित लीज, अवैध निर्माण और शर्तों के खुले उल्लंघन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मिराज ग्रुप को नियमों को दरकिनार कर 500 करोड़ से अधिक का फायदा पहुँचाया गया है। अब सवाल यह है कि क्या राज्य सरकार इन गंभीर लापरवाहियों और संभावित मिलीभगत की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी या यह मामला भी अन्य घोटालों की तरह फाइलों में दफन हो जाएगा? अंकेक्षण दल ने मूर्ति के अलावा 2019 से किए गए समस्त निर्माण को अवैध माना है व रिपोर्ट में कहा है कि आज दिन तक अम्यूजमेंट पार्क में कोई निर्माण स्वीकृति नहीं ली गई जिससे संपूर्ण निर्माण अवैध है।

### नियमों की अनदेखी कर मिराज ग्रुप को दिया गया जमीन पर स्वामित्व, लीज अवधि बढ़ाकर 198 वर्ष की गई

नाथद्वारा में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया मिराज ग्रुप का 'विश्वास स्वरूपम' प्रोजेक्ट अब एक विवादित घोटाले में तब्दील होता नजर आ रहा है। सरकारी ऑडिट रिपोर्ट में कई गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं का पर्दाफाश हुआ है, जिससे सरकार को लगभग 500 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। वर्ष 2012 में नाथद्वारा नगर पालिका की बैठक में मिराज डेवलपर्स लिमिटेड को 9 बीघा भूमि पर अन्तरराष्ट्रीय स्तर का सार्वजनिक उद्यान और 251 फीट ऊँची शिव मूर्ति लगाने हेतु भूमि आवंटन का प्रस्ताव पारित हुआ। अगस्त 2012 : स्वायत्त शासन विभाग ने इस परियोजना को मंजूरी देते हुए 23 सख्त शर्तों के साथ एमओयू करने की अनुमति दी। इसमें स्पष्ट किया गया कि भूमि और उस पर स्थित चल-अचल संपत्ति का स्वामित्व नगरपालिका का रहेगा और मिराज ग्रुप को केवल विकास व रख-रखाव का अधिकार होगा।

### बाद में नियमों से हटकर बदले गए शर्तें

दिसंबर 2012: डीएलबी की एम्पावर्ड कमेटी ने बिना सार्वजनिक प्रक्रिया के भूमि का क्षेत्रफल 9 बीघा से बढ़ाकर 25 बीघा 10 बिस्वा कर दिया और मूर्ति की ऊँचाई को 251 फीट से बढ़ाकर 351 फीट किया गया।

अप्रैल 2013: नाथद्वारा नगरपालिका, मिराज ग्रुप व कलेक्टर राजसमंद के बीच एमओयू साइन हुआ।

### 2021 में बड़ी गड़बड़ीः स्वामित्व का हस्तांतरण

17 फरवरी 2021 को निष्पादित पट्टा विलेख (लीज डीड) में वह सबसे बड़ी चूक हुई जिसमें नगरपालिका के स्वामित्व का कोई उल्लेख नहीं किया गया। परिणामस्वरूप जमीन का स्वामित्व 'तत्पदम उपवन प्रा. लि.' (मिराज ग्रुप की इकाई) को पूरी तरह से हस्तांतरित हो गया। लीज अवधि 30 साल से बढ़ाकर 198 साल की गई। मूल शर्त के अनुसार लीज की अवधि 30 वर्ष थी। लेकिन फरवरी 2021 में इसे 99$99 वर्ष यानी कुल 198 वर्ष कर दिया गया।

### अन्य गंभीर अनियमितताएं उजागर

सीए ऑडिट नहीं कराया गया-: शर्तों के अनुसार अलग खाता संचालन व सीए ऑडिट अनिवार्य था, जो नहीं किया गया।

प्रबंध समिति नहीं बनाई गईः पार्क की निगरानी हेतु समिति में आयुक्त नगरपालिका को शामिल करना था, पर कोई समिति गठित नहीं हुई।

### पर्वों पर देनी थी निःशुल्क प्रवेश की छूट, हो रही है खुलकर वसूली

विशेष पर्वों पर निशुल्क प्रवेश का उल्लंघनः वत्स-बारस, गणेश चतुर्थी, हरियाली अमावस्या एवं राष्ट्रीय पर्वों पर निःशुल्क प्रवेश की शर्त थी, लेकिन आम जनता से उच्च दरों पर टिकट वसूली की जा रही है।

### वाणिज्यिक लाभ और कर की हान

अक्टूबर 2023: नगरपालिका ने मिराज ग्रुप को वाणिज्यिक दर से 71 करोड़ जमा कराने का नोटिस दिया, जो ब्याज सहित 81 करोड़ हो गया। बावजूद इसके, मिराज ग्रुप ने तय समयावधि के बाद आवासीय दर मानकर 30 करोड़ जमा कराए। बिना राज्य सरकार की स्वीकृति के नगरपालिका ने यह राशि स्वीकार कर ली, जो स्पष्ट रूप से भूमि आवंटन नीति का उल्लंघन है।

### नीलामी घोटाला भी उजागर

शिव मूर्ति के समीप की आराजी नंबर 492 (89,000 वर्गफीट) की नीलामी में मिराज ग्रुप और एक डमी कंपनी ने भाग लिया। अनुमानित बाज़ार मूल्य 43 करोड़ के स्थान पर यह जमीन मात्र 23 करोड़ में मिराज ग्रुप को दे दी गई।

**एक और मामला::::** बस स्टैंड की भूमि का व्यावसायिक उपयोग

1987: मन्दिर मंडल ने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु 45,000 वर्गफीट भूमि नगरपालिका को दी थी।

नगरपालिका ने इसमें से 17,798 वर्गफीट भूमि मिराज ग्रुप को दे दी जिस पर मॉल बनाकर उसे रिलायंस को किराए पर दे दिया गया और भारी लाभ कमाया गया।

# शादी से एक दिन पहले युवती ने कुएं में कूदकर दी जान, ब्लैकमेल करने वाला प्रेमी गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर। सरोदा थाना पुलिस ने शादी से एक दिन पहले कुएं में कूदकर जान देने वाली युवती के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवराजपुर गांव का है, जहां 19 अप्रैल को होने वाली शादी से एक दिन पहले 18 अप्रैल को दुल्हन स्नेहा उर्फ नेहा का शव गांव के एक कुएं में मिला था।

### ब्लैकमेल कर रहा था प्रेमी

सरोदा थानाधिकारी भुवनेश कुमार ने बताया कि मृतका के पिता नारायण प्रजापत ने पुलिस को रिपोर्ट दी थी, जिसमें कहा गया था कि उनकी बेटी नेहा की 19 अप्रैल को शादी होनी थी, लेकिन 18 अप्रैल को उसका शव कुएं में मिला। परिजनों ने युवती की मौत पर संदेह जताते हुए अज्ञात व्यक्ति पर उसे आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया था।

### प्रेम प्रसंग और ब्लैकमेलिंग का खुलासा

पुलिस ने जांच के दौरान कॉल डिटेल और पारिवारिक बयानों के आधार पर सूरजगांव निवासी मनोज पुत्र गौरीशंकर चौबीसा को हिरासत में लिया। पूछताछ में सामने आया कि स्नेहा और मनोज के बीच प्रेम संबंध था, लेकिन शादी तय होने के बाद नेहा ने मनोज से बातचीत बंद कर दी थी। इसी बात से नाराज मनोज ने नेहा के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो का इस्तेमाल कर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

### मजबूरी में उठाया कदम

जांच में यह भी सामने आया कि मनोज की ब्लैकमेलिंग से परेशान नेहा ने 18 अप्रैल को शादी से एक दिन पहले कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस आरोपी से और पूछताछ कर रही है, ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके।

# मुस्कान क्लब वरिष्ठ नागरिक ओपन केरम प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित



**24 न्यूज अपडेट**

मुस्कान क्लब में आयोजित स्वर्गीय श्रीमती मनोरमा देवी पोरवाल स्मृति वरिष्ठ नागरिक ओपन केरम प्रतियोगिता के विजेताओं को आज मुस्कान क्लब की चीफ केयरटेकर डॉ श्रद्धा गट्टानी द्वारा समारोह पूर्वक पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता समन्वयक सूरजमल पोरवाल ने बताया की इस ओपन प्रतियोगिता में शहर के 8 वरिष्ठ नागरिक संस्थाओं (मुस्कान क्लब सहित) के 60 महिलाओं एवं पुरूषों ने एकल एवं युगल प्रतियोगिताओं में भाग लिया । अपने उद्बोधन में डॉ श्रद्धा गट्टानी ने कहा कि स्नेहिल मनोरमा जी की स्मृति चिरस्थाई बनाने हेतु आयोजित इस टूर्नामेंट में शहर के 8 वरिष्ठ क्लबो के सदस्यो का खेल कि भावना से भाग के लिये साधुवाद व सभी विजेताओ को बधाई। साथ ही उन्होंने क्लब गतिविधियों में निरंतर सुधार व नवीनता लाने हेतु कोर कमेटी से मीटिंग कर सुझाव प्रेषित करने को आग्रह किया ।

# राज्यपाल कटारिया का उदयपुर दौरा स्थगित, मोर्चे पर बढ़ी जिम्मेदारियां



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। पंजाब और चंडीगढ़ के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का 9 मई को प्रस्तावित उदयपुर दौरा वर्तमान सुरक्षा परिस्थितियों के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। हाल ही में बढ़ी सुरक्षा चुनौतियों और पंजाब में चप्पे-चप्पे पर तैनात सुरक्षा बलों के बीच, हवाई मार्गों पर लगी अस्थायी रोक व बाद की सुरक्षा परिस्थितियों व तैयारियों को देखते हुए कटारिया ने अपने गृह नगर उदयपुर का दौरा निरस्त करने का निर्णय लिया है। राज्यपाल के पद की संवैधानिक जिम्मेदारियां और मौजूदा स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कटारिया ने यह निर्णय लिया है। राज्य की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया हैं राज्यपाल कटारिया का 9 से 18 मई तक उदयपुर में विभिन्न सामाजिक और आधिकारिक कार्यक्रमों में शामिल होने का कार्यक्रम था। इसमें 11 मई को डूंगरपुर दौरा, 13 मई को सर्किट हाउस में जनसुनवाई, 14 मई को बालोतरा के नाकोड़ा मंदिर का दौरा, और 17 मई को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में नए भवनों का उद्घाटन शामिल था। 18 मई को उनका दिल्ली लौटने का कार्यक्रम भी था।

# ओम पालीवाल बने उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल समिति के सदस्य



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। भारत सरकार के रेल मंत्रालय के उत्तर पश्चिम रेल्वे में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति का सदस्य ओम पालीवाल को नियुक्त किया गया है। पालीवाल की यह नियुक्ति सांसद मन्नालाल रावत की अनुशंसा पर की गई। पालीवाल की नियुक्ति से रेल्वे संबंधित कार्यों को सुगमता व तत्परता से कराने का प्रयास रहेगा। पालीवाल ने इस पर सांसद का आभार जताया तथा कहा कि रेल्वे के विकास कार्यों को तत्परता से पूरा कराने तथा रेल्वे के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे।

**अपनी क्षेत्र से सम्बन्धित समाचार हमारी मेल आई पर भेजें**

desk24newsupdate@gmail.com

# कम्युनिटी पुलिसिंग एसपी ने स्कूलों व कच्ची बस्ती में दिया शत्रुओं के आक्रमण से बचने का प्रशिक्षण




**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 07 मई। पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी कम्यूनिटी पुलिसिंग पंकज चौधरी द्वारा बुधवार को स्कूलों व कच्ची बस्ती के नागरिकों एवं छात्र- छात्राओं व टीचर्स को शत्रुओं के आक्रमण से बचने का प्रशिक्षण देकर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

एसपी चौधरी ने बताया कि महेश नगर स्थित द केम्ब्रिज स्कूल में सुबह 9:30 बजे जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत समस्त स्कूल स्टाफ, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष, समाजसेवी, मीडियाकर्मी एवं महेश नगर पुलिस थाने का स्टाफ भी उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान से किया गया। इसके बाद चौधरी ने सायरन और ब्लैक आउट के बारे में विस्तृत से बताते हुए बच्चों व अन्य नागरिकों को जागरूक किया।

इसके बाद सुबह 10 बजे कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में निवासरत लोगों को सायरन और ब्लैक आउट के बारे में बताकर डेमो द्वारा अलर्ट होने की प्रक्रिया समझाई गई। बस्ती के निवासियों को शत्रु के आक्रमण की स्थिति में बचाव के बारे में बताया गया। तत्पश्चात् 11 बजे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय त्रिवेणी नगर में सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ सायरन और वीडियो का प्रदर्शन किया गया।

एसपी चौधरी ने अपने उद्बोधन में ''ऑपरेशन सिन्दूर'' को लेकर हर्ष व्यक्त किया और उपस्थित निर्देशक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय सुदेश कुमार शर्मा एवं समस्त स्टाफ, छात्रों, शिप्रापथ थाना स्टाफ एवं गणमान्य लोगों को सायरन और ब्लेक आउट के बारे में चर्चा कर बताया कि किसी भी प्रकार के युद्ध या तनाव की स्थिति में सम्पूर्ण राष्ट्र को एक साथ कन्धे से कन्धा मिलाना है।

उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखण्डता पूरे विश्व के लिए मिसाल है। सायरन और ब्लैक आउट की बारीक जानकारी से संस्था के छात्रों को लाभ मिला। संस्था के निर्देशक, सुदेश कुमार शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के अपने अनुभवों को साझा करते हुए सायरन और ब्लैक आउट के बारे में चर्चा की।

# एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई : 15 लाख रुपये कीमत की 92 ग्राम एमडी ड्रग जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार





**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 07 मई। एंटी गैंगस्टर फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर प्रतापगढ़ थाना पुलिस की टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद फिरोज अजमेरी पुत्र कयूम (34) निवासी बागलिया थाना हथुनिया हाल अजमेरी कॉलोनी प्रतापगढ़ को 92 ग्राम एमडी ड्रग सहित गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त सेलेरियो कार जब्त की है। जब्त ड्रग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया जब वह ड्रग सप्लाई करने अपने घर से निकल रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ को इनपुट मिले थे कि राजस्थान-मध्यप्रदेश सीमा से जुडे प्रतापगढ जिले के गांवो में बडे पैमाने पर एमडी ड्रग्स का निर्माण कर तस्कर ड्रग की सप्लाई राजस्थान सहित अन्य निकटवर्ती राज्यों में बड़े पैमाने पर कर रहे हैं।

एडीजी श्री एम एन ने बताया कि इस सूचना पर डीआईजी श्री योगेश यादव एवं एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हाल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व श्री आशाराम चौधरी के सुपरविजन में हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार को एमडी ड्रग के निर्माण एवं सप्लाई करने वाले बदमाशों की पहचान कर धरपकड का टास्क दिया गया। तकनीकी सहायता, मुखबिर तंत्र व आसूचना संकलन कर जानकारी जुटा कई दिनों से एजीटीएफ आरोपी मोहम्मद फिरोज अजमेरी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए थी।

## घर के बाहर ही पकड़ा गया

जैसे ही सूचना की पुष्टि हुई, तुरंत थाना प्रतापगढ़ पुलिस को सूचित कर अविलम्ब आरोपी के घर दबिश देने को कहा गया। थाना पुलिस तुरन्त अजमेरी कॉलोनी स्थित आरोपी के घर पहुंची। आरोपी घर के बाहर रोड़ पर खड़ी अपनी सेलेरियो कार में बैठा था। जिसे डिटेन कर तलाशी ली गई तो उसके पहने लोवर की जेब से एक प्लास्टिक की थैली में 92 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की गई। आरोपित फिरोज को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। तीन दिनों में एनडीपीएस की दूसरी बड़ी कार्रवाई

पूछताछ में आरोपी ने यह ड्रग बारी दरवाजा थाना प्रतापगढ़ निवासी शाहरुख पुत्र इकबाल उर्फ मामू पठान से लाना बताया। पुलिस आरोपी से एमडी ड्रग की खरीद फरोख्त एवं इनके नेटवर्क के संबंध में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। एजीटीएफ की तीन दिनों में मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध प्रतापगढ़ जिले में यह दूसरी करवाई है। 4 मई की देर रात थाना छोटी सादड़ी इलाके में 1.18 करोड रुपए कीमत का 785 किलो अफीम डोरा चूरा से भरे ट्रक कंटेनर के साथ कुख्यात तस्कर कमल राणा गैंग से जुड़े तस्कर को एजीटीएफ की इसी टीम की सूचना पर गिरफ्तार किया गया था।

## दिसम्बर में पकड़ी थी ड्रग फैक्ट्री व अवैध हथियार

गत वर्ष दिसम्बर महीने में एजीटीएफ की इसी टीम ने प्रतापगढ़ जिले में अरनोद थाना क्षेत्र के देवल्दी गांव स्थित दो फार्म हाउस पर दबिश देकर एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया था। पहले फार्म हाउस में बनी ड्रग फैक्ट्री से करीब 12 किलो के लगभग एमडी ड्रग एवं 19 किलो 670 ग्राम एमडी ड्रग बनाने में प्रयुक्त लिक्विड कैमिकल जब्त किया था, जिसकी कीमत करीब 40 से 45 करोड रुपए आंकी गई, वहीं दूसरे फार्म हाउस से अवैध हथियार एक पिस्टल मय मैगजीन एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किए थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही वहीं आरोपी की गिरफ्तारी व मादक पदार्थ जब्ती की कार्रवाई एसएचओ कमल चंद मीणा, एएसआई लोकेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रेमचंद, कांस्टेबल लोकेंद्र सिंह, खेमचंद व कांस्टेबल चालक लालू राम द्वारा की गई।

# न्यूड वीडियो बना यूट्यूब-फेसबुक पर अपलोड करने की धमकी देकर मोटी रकम ऐंठते है, 9 मोबाईल जब्त



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 7 मई। अलवर जिले की लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस ने गांव स्यालकी का बास में दबिश देकर सेक्सटॉर्शन गिरोह के तीन साइबर ठगों साहिद खान पुत्र साकिर खान मेव (20) निवासी केशरपुर थाना अरावली विहार एवं तालीम खान पुत्र अयव मेव (20) व नवाज शरीफ खान पुत्र तैयब खान मेव (30) निवासी स्यालकी का बास थाना लक्ष्मणगढ़ को गिरफ्तार कर दो बाल अपचारियों को निरुद्ध किया है। इनके पास से पुलिस ने साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त दो मोबाइल एवं फर्जी सिम बरामद की है।

एसपी संजीव नैन ने बताया कि जिले मे ऑनलाईन ठगी, सैक्सटोर्शन, ओएलएक्स आदि फ्रॉड के करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई करने के सभी एसएचओ सहित डीएसटी को निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में थाना लक्ष्मणगढ एसएचओ नेकीराम मय टीम द्वारा आसूचना तंत्र व तकनीकी साधनों के आधार पर गांव स्यालकी का बास में दबिश दी गई। जहां सुनसान जगह फर्जी सिम कार्ड लगे मोबाईल से सेक्सटॉर्शन कर रहे आरोपी साहिद खान मेव (20), तालिम खान मेव (20) व नवाज सरीफ खान को गिरफ्तार कर 02 बाल अपचारियों को निरुद्ध कर फर्जी सिम लगे 9 मोबाईल जब्त किए गए।।

आरोपी फर्जी सिम का उपयोग कर लोगों को झांसे मे लेकर वीडियो चैट कर उनकी न्यूड वीडियो की स्क्रीन रिकोर्डिंग कर लेते है। फिर उक्त न्यूड वीडियो को पीड़ित के मोबाईल नम्बर पर भेजकर यूट्युब व फेसबूक पर अपलोड करने की धमकी देकर पैसों की ठगी किया करते है। इस कार्रवाई में एसएचओ नेकी राम सहित एएसआई शहजाद खां, हेड कांस्टेबल विजय सिह, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, रुपेन्द्र, होलुराम, महिला कांस्टेबल उषा व फुलवती एवं कांस्टेबल चालक अनिल शामिल थे।

# अजमेर अलर्ट पर, किशनगढ़ एयरपोर्ट तीन दिन बंद




**24 न्यूज़ अपडेट**

अजमेर। भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अजमेर में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय स्मारक पर तिरंगा फहराकर आतिशबाजी की। जिलाध्यक्ष रमेश सोनी सहित कई अन्य कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, सुरक्षा कारणों से किशनगढ़ हवाई अड्डे से सभी नागरिक उड़ानों का संचालन बुधवार से अगले तीन दिनों तक स्थगित कर दिया गया है। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि यह निलंबन 10 मई की सुबह 5:29 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान कोई भी सिविल फ्लाइट न तो हवाई अड्डे से उड़ान भरेगी और न ही वहां उतरेगी।

**कलेक्टर की अपील** - ब्लैकआउट में सहयोग करें अजमेर कलेक्टर लोकबंधु ने कहा कि सरकार के निर्देश पर शहर में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है। इसके तहत कंन्ट्रोल रूम से सूचना देकर सभी विभागों के रेस्पॉन्स टाइम का आकलन किया जाएगा। अगर सुधार की आवश्यकता हुई तो उसे दूर किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शाम को ब्लैकआउट में सहयोग करें, अपने घरों की लाइट बंद रखें और स्ट्रीट लाइट्स भी बुझा दें।

## सिविल डिफेंस का रेस्क्यू अभ्यास

सेंट्रल गवर्नमेंट के निर्देश पर अजमेर में भी बुधवार शाम 4 बजे मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। सिविल डिफेंस की टीमों ने शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों और स्कूलों में जाकर लोगों को युद्ध और हवाई हमलों के दौरान बचाव के उपाय बताए। तोपदड़ा स्कूल में छात्रों को विशेष रूप से रेस्क्यू अभ्यास कराया गया, ताकि किसी आपात स्थिति में वे सुरक्षित रह सकें।

## दरगाह दीवान के बेटे का 'सिंदूर' को सम्मान

दरगाह दीवान के बेटे ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह 'सर्वभूत हिताय, सर्वभूत सुखाय' का प्रतीक है और उन्होंने इस आर्मी एक्शन का स्वागत किया।


# ऑपरेशन सिंदूर का कहरः 'कायरों की मौत मरा अजहर का कुनबाः मसूद अजहर की नींदें हराम, बोला - मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता



**24 न्यूज़ अपडेट**

इस्लामाबाद. दहशत और नफरत का सौदागर, जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर आज अपने ही आतंक के जाल में फंस चुका है। भारतीय सेना की गर्जना ने बहावलपुर में उसके नापाक अड्डों को मिट्टी में मिला दिया है। ऑपरेशन 'सिंदूर' की आंधी ने उसके परिवार की धज्जियां उड़ा दीं और अब वो खुद कहता है, "मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता।" परिवार के 10 सदस्य ढेर, अड्डे तबाह बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक, मसूद अजहर ने अपने बयान में कबूल किया है कि बहावलपुर के 'मरकज सुबहान अल्लाह' में हुए भारतीय वायुसेना के हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और 4 नजदीकी सहयोगी मारे गए। मरने वालों में उसकी बड़ी बहन, उसका पति, भतीजा, उसकी पत्नी और पांच मासूम बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा, तीन करीबी सहयोगी और एक की मां भी इस हमले का शिकार बनी। भारत की दहाड़ से कांपा जैश का अड्डा भारतीय वायुसेना ने बहावलपुर में जैश के सबसे बड़े अड्डे 'मरकज सुबहान अल्लाह' को तबाह कर दिया है। यह वही अड्डा था जहां से मसूद अजहर ने संसद हमले, पठानकोट, पुलवामा और उरी जैसी कायराना साजिशें रची थीं। 'कायरों की मौत मरा अजहर का कुनबा' यह वही मसूद अजहर है जिसने 1994 में भारत की सरजमीं पर कदम रखा और अपने नापाक इरादों को अंजाम देने की कोशिश की। 1999 में कंधार विमान अपहरण की साजिश रचकर उसने खुद को जेल से आजाद करवाया था। लेकिन वक्त का पहिया घूमा और आज उसी का खानदान मौत की नींद सो गया। मसूद की मायूसी का सबब 1994 में पहली बार भारत आया मसूद, कश्मीर में आतंक की आग भड़काने के इरादे से गिरफ्तार हुआ था। तब उसने कश्मीर को "आजाद" कराने का ख्वाब देखा था, लेकिन आज उसी कश्मीर से उठी वायुसेना की गरज ने उसे हिला कर रख दिया। अब न बचा कोई ताकतवर दोस्त चीन जैसे 'दोस्त' ने भी अब उसे बचाने से हाथ खींच लिए हैं। 2019 में वैश्विक आतंकी घोषित हो चुका यह दहशतगर्द अब अपने ही अड्डों पर अपने परिवार की लाशें गिन रहा है। अजहर की हताशा, भारत का जुनून मसूद अजहर की यह हताशा इस बात का सबूत है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपने इरादों में कितना मजबूत है। यह वही भारत है जिसने 1947 से लेकर 2025 तक अपने दुश्मनों को हमेशा धूल चटाई है और आज फिर ऑपरेशन सिंदूर की गूंज से दुनिया को बता दिया है कि हम न सिर्फ अपनी सरहदों की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि दुश्मन के दिल में खौफ भी पैदा कर सकते हैं।

# भारत की एयर स्ट्राइक के बाद जोधपुर हाई अलर्ट पर, 10 मई तक एयरपोर्ट बंद


Air India @airindia · 3h
#TravelAdvisory
Air India flights to and from the following stations – Jammu, Srinagar, Leh, Jodhpur, Amritsar, Bhuj, Jamnagar, Chandigarh and Rajkot – are being cancelled till 0529 hrs IST on 10 May following a notification from aviation authorities on closure of these airports.

Customers holding valid tickets for travel during this period will be offered a one-time waiver on rescheduling charges or a full refund for cancellations.

For more information, please call our Contact Centre on 011-69329333 / 011-69329999 or visit our website airindia.com.

44 103 362 44K

**24 न्यूज़ अपडेट**

जोधपुर। पाकिस्तान पर भारत की एयर स्ट्राइक के बाद जोधपुर हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा के मद्देनजर जोधपुर एयरपोर्ट से सभी यात्री उड़ानें 10 मई तक के लिए रद्द कर दी गई हैं। बुधवार को 9 फ्लाइट्स कैंसिल की गईं। इस अवधि में विमान यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट पर एक विशेष हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जो अनजाने में एयरपोर्ट पहुंचने वाले यात्रियों की मदद करेगी।

## सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा

जोधपुर रेंज के आईजी विकास कुमार भी बुधवार दोपहर सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरे पर निकले हैं, ताकि सुरक्षा स्थिति का आकलन किया जा सके।

## फाइटर जेट्स की गूंज से बढ़ा कौतूहल

मंगलवार देर रात जोधपुर के आसमान में फाइटर जेट्स की आवाज गूंजती रही, जिससे स्थानीय निवासियों में कौतूहल की स्थिति बन गई। बाद में पता चला कि यह भारत की एयर स्ट्राइक के बाद की तैयारी का हिस्सा था, जिसके तहत सामरिक हवाई अभ्यास किए जा रहे हैं।

## रूट मार्च और सुरक्षा बढ़ाई

जोधपुर पुलिस भी पूरी रात अलर्ट मोड पर रही। एडीसीपी नाजिम अली की अगुवाई में पुलिस टीमों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर रूट मार्च किया। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से सतर्क और जिम्मेदार बने रहने की अपील की है।

## यात्रियों के लिए राहत की घोषणा

एयर इंडिया ने भी 10 मई तक जोधपुर, जम्मू, श्रीनगर, लेह, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानों को रद्द करने की पुष्टि की है। इस अवधि में यात्रा के लिए टिकट बुक करने वाले यात्रियों को पुनर्निर्धारण शुल्क पर एकबार छूट या टिकट रद्दीकरण पर पूरी राशि रिफंड का विकल्प दिया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर का IPL पर कोई असर नहीं, 25 मई को कोलकाता में होगा फाइनल




**24 न्यूज़ अपडेट**

स्पोर्ट्स डेस्क। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई स्ट्राइक का इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने स्पष्ट किया है कि टूर्नामेंट अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार जारी रहेगा।

## फाइनल 25 मई को कोलकाता में

BCCI के एक वरिष्ठ अधिकारी ने समाचार एजेंसी ANI को बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल 25 मई को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। फिलहाल टूर्नामेंट के 56 मैच हो चुके हैं, जबकि 18 मैच अभी बाकी हैं। सीजन का पहला मैच 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के बीच कोलकाता में खेला गया था।

## आज KKR और CSK की टक्कर

आज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) और चेन्नई सुपरकिंग्स (CSK) की टीमें आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट में कुल 74 मैच खेले जाने हैं और फाइनल मुकाबला 25 मई को होगा।

# BAP विधायक जयकृष्ण पटेल जेल भेजे गए, एसीबी ने कोर्ट में कहा—सहयोग नहीं कर रहे, मोबाइल में कई सबूत



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर/बांसवाड़ा | बागीदौरा से भारत आदिवासी पार्टी (BAP) के विधायक जयकृष्ण पटेल को 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद बुधवार को जयपुर स्थित एसीबी कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कोर्ट ने इस मामले में शामिल विधायक के चचेरे भाई विजय पटेल को भी जेल भेजने का आदेश दिया है। इस मामले में विधायक के पीए रोहित मीणा से रिश्वत की राशि लेकर छिपाने वाले आरोपियों जसवंत उर्फ लक्ष्मण मीणा और जगराम को कोर्ट ने दो दिन की रिमांड पर भेजा है, जबकि ACB ने चार दिन की रिमांड की मांग की थी।

### ACB का आरोपः विधायक जांच में नहीं दे रहे सहयोग

एसीबी ने कोर्ट में बताया कि विधायक पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। उनके मोबाइल में कई अहम सबूत हैं, जिनके आधार पर उन्हें और गहराई से पूछताछ की जरूरत है।

एसीबी ने कहा कि विजय पटेल इस डील से जुड़ी कई अहम जानकारियों से अवगत है और विधायक और विजय को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ जरूरी है।

### 20 लाख में से 83 हजार रुपए गायब

एसीबी द्वारा बरामद 20 लाख रुपए से भरे बैग में 83 हजार रुपए कम पाए गए। अब यह जांच हो रही है कि यह रकम विधायक आवास में, रास्ते में, या किसी और स्थान पर निकाली गई।

जगराम और जसवंत बैग को पूरा बता रहे हैं, जबकि ACB को शक है कि पैसा रोहित, उसके मामा जसवंत या जगराम ने निकाला हो सकता है। रिश्वत की राशि लेकर भागा विधायक का निजी सहायक (PA) रोहित मीणा अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। एसीबी ने उसके संभावित ठिकानों पर दबिशें दीं, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। विधायक जयकृष्ण पटेल रोहित के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं और गिरफ्तार आरोपियों को पहचानने से भी इनकार कर रहे हैं।

### खनन घोटाले से जुड़ता नजर आ रहा मामला

एसीबी सूत्रों के अनुसार यह मामला खनन से जुड़ी जानकारी के आधार पर मांगी गई रिश्वत से संबंधित हो सकता है। सवाल यह भी उठ रहा है कि विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र से 700 किमी दूर स्थित खान के बारे में इतनी जानकारी कैसे मिली और क्या वह अकेले काम कर रहे थे या किसी के साथ मिलकर। ACB ने कोर्ट में कहा – विधायक सहयोग नहीं कर रहे, मोबाइल में सबूत, पीए रोहित मीणा फरार, 20 लाख में 83 हजार गायब, दो आरोपी दो दिन की रिमांड पर, पूछताछ जारी.

# विधायक ताराचंद जैन ने एयर स्ट्राइक पर जताई खुशी, कहा—आतंक के खिलाफ सख्त संदेश



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर | उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में किए गए एयर स्ट्राइक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे देश की सुरक्षा और सम्मान की जीत बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना का मुंहतोड़ जवाब दिया है। विधायक जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई ने न केवल पाकिस्तान, बल्कि पूरे विश्व को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा, "हिंदुस्तान की सेना घर में घुसकर मारना भी जानती है।"

### आतंकियों को किया गया निशाना, आम नागरिकों को नहीं हुआ नुकसान

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस एयर स्ट्राइक में केवल आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया, पाकिस्तान के आम नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुँचाया गया। शहर विधायक जैन ने इस साहसिक कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय सेना के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया।

# खाटू श्याम के नगर भ्रमण के साथ निकलेगी निशान यात्रा, 10 मई को फतह स्कूल में सजेगा भव्य श्याम दरबार




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से 8 से 10 मई तक आयोजित होने वाले 9वें भव्य श्री श्याम महोत्सव का आगाज 8 मई गुरुवार को श्याम प्रभु के नगर भ्रमण और निशान यात्रा के साथ होगा। महीनों से इस महोत्सव का इंतजार कर रहे हजारों श्याम भक्त निशान यात्रा में शामिल होंगे। 10 मई को फतह स्कूल में विशाल भजन संध्या में देश के प्रख्यात भजन कलाकार आ रहे हैं। श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट के सीपी बंसल और हिम कुमार एरन ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि इस बार श्याम महोत्सव अपने आप में एतिहासिक होगा। महोत्सव का आयोजन फतह स्कूल मैदान में होगा। 8 मई को श्री श्याम महोत्सव की शुभारंभ भव्य निशान यात्रा से होगा। इस यात्रा मे एक हजार से ज्यादा श्याम प्रेमी शामिल होंगे। फतह स्कूल मैदान से शाम 6 बजे यह निशान निकलेगी जो सूरजपोल, बापूबाजार, देहलीगेट, टाउनहॉल मार्ग होते हुए वापस सूरजपोल होकर फतह स्कूल पहुंचेगी। निशान यात्रा के साथ उदयपुर में पहली बार बाबा खाटू श्याम का नगर भ्रमण भी होगा। निशान यात्रा में शामिल होने के लिए पंजीयन करवाना जरुरी है। महोत्सव के दूसरे दिन 9 मई को मेहंदी की रस्म होगी जिसमें महिलाएं बाबा की नाम की मेहंदी लगाएगी। श्याम महोत्सव का मुख्य आयोजन 10 मई को होगा जिसमें शाम 7 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होकर प्रभु ईच्छा तक चलेगी। भजन गायक नंदू महाराज श्री श्याम महोत्सव के मुख्य आकर्षण होंगे। इनके अलावा गुरुग्राम से नरेश सैनी व नजफगढ से बंटू भैया जैसे बडे कलाकारों के साथ ही दिल्ली से महावीर अग्रवाल वासु व मयूर रस्तोगी भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**तैयारियां युद्व स्तर पर**–उन्होंने बताया कि श्री श्याम महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरणों में है। पिछले एक महीने से इसकी तैयारियां चल रही थी। सोमवार को सुबह 9 बजे विधि विधान के साथ श्याम दरबार का निर्माण शुरु हो गया है।

**पहली बार समुद्र की थीम पर दरबार**– श्री श्याम महोत्सव के दौरान पहली बार उदयपुर में समुंद्र की थीम पर बाबा का दरबार सजाया जा रहा है। दरबार में थ्री डी सेटअप तैयार होगा जिसमें ग्राफिक डिजाइन का भी पहली बार प्रयोग होगा। बाबा का दरबार सजाने वाली टीम के मुखिया दिल्ली के नवीन कसेरा और इनकी टीम ने दरबार की सजावट और थीम को अंतिम रुप दे रही है। उन्होंने बताया कि समुंद्र की थीम पर दरबार सजाने का प्रयोग पहली बार हो रहा है जिसमें वासुदेव यमुना में बाल स्वरुप श्याम को ले जाते दिखेंगे। यह अपने आप में अलौकिक दृश्य होगा जिसके लिए उनकी करीब 40 लोगों की टीम 40 फीट उंचा और 80 फीट चौडा दरबार सजाने में लगी है। टीम की कोशिश रहेगी कि बाबा का दरबार खाटू जैया ही सजाया जाए। बाबा श्याम के साथ ही भगवान गणेशजी और सालासर बालाजी की प्रतिमा भी सजाई जाएगी। साथ ही गौ ग्वाल भगवान कृष्ण का विशेष स्वरुप सजाया जाएगा जो अपने आप में अनूठा होगा।

**बाबा का हर भक्त होगा वीआईपी**– श्री श्याम महोत्सव के दौरान पहली बार हर भक्त वीआईपी होगा। हर भक्त का ज्योत के दौरान उपरना से स्वागत किया जाएगा। इस बार श्याम महोत्सव में कई नए बदलाव किए गए हैं। हर भक्त को बाबा खाटू श्याम के आसानी से और सम्मानजनक दर्शन हो इसके लिए प्रबंध किए गए हैं।

# दिन में लिया "संविधान बचाओ रैली" का संकल्प, कुछ घंटे बाद ही आ गया आलाकमान का फरमान- सभी कार्यक्रम निरस्त




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 3 मई से 10 मई तक "संविधान बचाओ अभियान" के तहत उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रस्तावित "संविधान बचाओ रैली" की आज तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक के खत्म होते ही रैली के निरस्त होने का फरमान आलाकमान से आ गया। इसमें बताया गया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के आदेशानुसार सभी कार्यक्रम आगामी आदेश तक होल्ड पर रखे गए है। आगामी कार्यक्रम ("संविधान बचाओ रैली") की तिथि एआईसीसी के निर्देश पर नई तिथि से तय होंगे जिसकी सूचना पीसीसी द्वारा दिए जाने पर ही जिला कांग्रेस द्वारा दी जाएगी। ऐसे में सारी तैयारियां धरी की धरी रह गईं। अनुमान लगाया जा रहा है कि निरस्तीकरण का कारण ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की परिस्थितियां हैं। इससे पहले दोपहर में बैठक सवीना सब सिटी सेंटर स्थित हॉल में हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दिनेश खोड़निया ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री खोड़निया ने कहा, "संविधान की शक्ति ने ही हमें आगे बढ़ने का अवसर दिया है। हमें समानता का अधिकार और स्वाभिमान से जीने की ताकत दी है। हम हर कीमत पर संविधान की रक्षा करेंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि अहमदाबाद अधिवेशन में लिए गए प्रस्ताव के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से मिलेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और बताएंगे कि कांग्रेस ने सरकार में रहते हुए जनता के लिए क्या किया है। रैली का आयोजन 10 मई को सुबह 11 बजे होना था। जो शहीद स्मारक (टाउन हॉल) से शुरू होकर सूरजपोल और बापू बाजार होते हुए देहलीगेट स्थित शहीद शांति-आनंदी मूर्ति स्थल तक जानी थी। बैठक में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि "आज जब संवैधानिक संस्थाएं खतरे में हैं और केंद्र सरकार उनका दुरुपयोग कर रही है, तो हमारा कर्तव्य है कि हम संविधान की रक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहें।" उन्होंने सभी ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों से अपील की कि वे अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को रैली में शामिल करें। बैठक की शुरुआत में हाल ही में दिवंगत हुईं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया।

### बैठक में उपस्थित प्रमुख नेता व पदाधिकारी

इस बैठक में प्रभारी दिनेश खोड़निया, जिला अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, हीरा लाल दरांगी, लाल सिंह झाला, पुष्कर लाल डांगी, प्रीति शक्तावत, सज्जन कटारा, भीम सिंह चुंडावत, परमानंद मेहता, दरियाव सिंह चुंडावत, रेशमा मीणा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# उदयपुर में सब-जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता 10 मई को, चयनित पहलवान बारा राज्य स्तरीय मुकाबले में लेंगे भाग

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर | जिला कुश्ती संघ उदयपुर द्वारा आयोजित सब-जूनियर (अंडर-17) जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आगामी 10 मई 2025 को शाम 5 बजे से उस्ताद श्री लक्ष्मण सिंह अर्जुन उस्ताद अखाड़ा, कुश्ती हॉल, उदयपुर में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में जिले भर के प्रतिभाशाली पहलवान हिस्सा लेंगे। प्रतिभागियों की एंट्री दोपहर 12 बजे तक जिला कुश्ती संघ के सचिव मांगीलाल कटारिया ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 10 मई को दोपहर 12:00 बजे तक अपनी प्रविष्टि सीधे अखाड़े में या व्हाट्सएप नंबर 9252401835 पर दे सकते हैं। प्रतियोगिता ओलंपिक पद्धति पर आधारित होगी और फ्री स्टाइल व ग्रीको-रोमन दोनों वर्गों में निम्न वजन श्रेणियों में मुकाबले होंगेः पुरुष वर्ग (फ्री स्टाइल व ग्रीको-रोमन): 45, 48, 51, 55, 60, 65, 71, 80, 92 और 110 **किलोग्राम महिला वर्ग**: 40, 43, 46, 49, 53, 57, 61, 65, 69 और 73 किलोग्राम खिलाड़ियों को वजन में 1 किलो की छूट दी जाएगी।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनितों को मिलेगा मौका

इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहलवानों का चयन 16 से 18 मई 2025 तक कृषि उपज मंडी, बारा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए पासपोर्ट लाना अनिवार्य होगा। जो खिलाड़ी पासपोर्ट नहीं लाएंगे, उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 2008 व 2009 में जन्मे खिलाड़ी सीधे भाग ले सकेंगे। 2010 में जन्मे खिलाड़ियों को मेडिकल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा। प्रतियोगिता का संचालन एवं चयन कार्य महेंद्र राजोरा, अजय मोदी, चित्रांशु चौधरी और रवि चौहान द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी जिला कुश्ती संघ के सचिव मांगीलाल कटारिया ने दी

# साकरोदा और अंबेरी में अचानक मॉक ड्रिल, मच गया हड़कंप



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। आपतकालीन मॉक ड्रिल के तहत शाम को आपातकालीन मॉक ड्रिल के दौरान साकरोदा स्थित भारत पेट्रोलियम गैस प्लांट और अंबेरी क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अचानक फैली एयर स्ट्राइक की अफवाह ने प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया। जैसे ही प्लांट को संभावित हमले का निशाना बनाए जाने की खबर फैली, तुरंत जिले का प्रशासन हरकत में आ गया। शमा को चार बजे यह अभ्यास किया गया। उदयपुर रेंज की आईजी, जिला कलेक्टर, एसपी सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके के लिए रवाना हुए। दमकल विभाग की कई गाड़ियां भी तुरंत प्लांट की ओर रवाना की गईं, जबकि सिविल डिफेंस की टीमों ने भी त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी।

### अंबेरी में भी मची हलचल

इसी दौरान अंबेरी क्षेत्र में फायरिंग और इमरजेंसी मैसेज वायरल होने से इलाके में भी अचानक हलचल बढ़ गई। फौरन एक और दमकल की गाड़ी अंबेरी की ओर रवाना की गई, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि यह सब मॉक ड्रिल का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों को परखना था।

### प्रशासन की अपील

प्रशासन ने इस स्थिति पर जनता से संयम बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मकसद आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय को सुनिश्चित करना है।

### सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम

इस तरह के अभ्यास न केवल प्रशासन की तैयारी को परखते हैं, बल्कि आम नागरिकों को भी सतर्क और जागरूक बनाते हैं। इसलिए, मॉक ड्रिल के दौरान सहयोग देना सभी की जिम्मेदारी है।

# देवेंद्र मुनि निर्वाण दिवस पर कल बंद रहेंगे बूचड़खाने, निगम आयुक्त ने जारी किया आदेश

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने गुरुवार 8 मई हिंदी माह अनुसार वैशाख सुदी ग्यारस के दिन विख्यात संत देवेंद्र मुनि निर्वाण दिवस के उपलक्ष में निगम क्षेत्र के सभी बूचड़खाने, मांस- मछली बिक्री केंद्र को पूर्णतया बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि आज गुरुवार 8 मई हिंदी माह अनुसार वैशाख सुदी ग्यारस के दिन को विख्यात जैन संत देवेंद्र मुनि का निर्वाण दिवस है इस उपलक्ष में निगम क्षेत्र के सभी बूचड़खाने, मांस- मछली बिक्री केंद्र बंद रखे जाएंगे। बंद रखने का आदेश राज्य सरकार के निर्देश पर जारी किया गया है। आदेश का सख्ती से पालन हो इस सेतु अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। यदि किसी भी व्यापारी द्वारा आदेश की अवहेलना की जाएगी तो उसके खिलाफ नियम अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बांसवाड़ा कॉलेज में बम ब्लास्ट की मॉक ड्रिलः 5 'घायल' हॉस्पिटल पहुंचाए



**24 न्यूज अपडेट**

बांसवाड़ा | बांसवाड़ा शहर में बुधवार शाम एक बम ब्लास्ट की मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन क्षमता को परखना था। यह मॉक ड्रिल डूंगरपुर रोड स्थित गोविंद गुरु राजकीय कॉलेज परिसर में शाम 4 बजे शुरू हुई। इस दौरान 5 'घायलों' को आपातकालीन सेवाओं की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। शाम 4 बजे सायरन बजते ही कंट्रोल रूम से पुलिस, चिकित्सा विभाग, फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस टीम को सूचना दी गई। सभी विभागों ने तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। सिविल डिफेंस टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा।

### प्रशासन रहा सतर्क

कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव स्वयं मॉक ड्रिल की निगरानी के लिए मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया, "इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। सभी विभाग समय पर पहुंचे, लेकिन हम पूरी प्रक्रिया का विश्लेषण कर यह जानने की कोशिश करेंगे कि कहां और सुधार की आवश्यकता है।"

### प्रशिक्षण में रहा समन्वय

ड्रिल के दौरान 3 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां, पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस और मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। जिला अस्पताल सहित शहर की अन्य डिस्पेंसरीज़ पर भी मेडिकल टीमों को अलर्ट पर रखा गया।

# चित्तौड़गढ़ में थाना शम्भूपुरा पुलिस की कार्रवाई : कार से 107 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर, 07 मई। चित्तौड़गढ़ जिले की थाना शम्भूपुरा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के तहत कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट डिजायर कार से कुल 1 क्विंटल 7 किलो 870 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त कर तस्करी करते हुए दो तस्करों जगदीश बिश्नोई पुत्र सुरजन राम (25) निवासी चिरढाणी थाना पीपाड़ शहर जोधपुर ग्रामीण एवं उदयलाल उर्फ कन्हैया लाल जाट पुत्र नारायण लाल (27) निवासी उदपुरा थाना बिजयपुर जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया हैं।

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ के लिए एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन एवं सीओ भदेसर अनिल शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी शंभूपुरा रामलाल मय टीम हैड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल रामकिशन, योगेन्द्र कुमार, नरेश कुमार, मुकेश कुमार व देवकिशन द्वारा घटियावली खेडा से केलझर जाने आने वाले रोड पर नाकाबन्दी की जा रही थी।

इसी दौरान घटियावली खेडा गांव की तरफ से एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार आती दिखायी दी, जिसे रूकने का ईशारा किया तो कार चालक व उसका साथी गाडी को नाकाबन्दी स्थल से थोडा दूर रोक कर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेर कर पकड़ा गया। कार की तलाशी लेने पर 06 प्लास्टिक के कटटो में कुल एक क्विंटल 07 किलो 870 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा मिला। इस पर अवैध डोडाचूरा व कार जब्त कर आरोपी जगदीश विश्नोई व उदयलाल उर्फ कन्हैयालाल जाट को गिरफतार कर थाना शंभूपुरा पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।